**Ans. (b) :** फरवरी 2022 में राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रो. के.एल. श्रीवास्तव को जयनारायण व्यास विवि (JNVU) का कुलपति नियुक्ति किया इन्होंने डॉ पी.सी. त्रिवेदी का स्थान लिया।

**1195. प्रदेश का पहला 'डिफेंस कैरियर इंस्टीट्यूट' कहाँ खोला जायेगा?**

(a) सीकर (b) अलवर
(c) जोधपुर (d) दौसा

**RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018**

**Ans. (a) :** राजस्थान राज्य का पहला डिफेंस कैरियर इंस्टीट्यूट सीकर जिले के रलावता गांव में खुलेगा। इस इंस्टीट्यूट में इण्टर पास युवा प्रवेश ले सकेंगे।

**1196. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (RIE) अजमेर के संबंध में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है?**

(a) इसकी स्थापना 1963 में की गयी।
(b) इस संस्थान में प्रवेश राजस्थान संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा किये जाते हैं।
(c) यह एम.डी.एस. विश्वविद्यालय अजमेर से संबद्ध है।
(d) इसका प्रबंधन एवं नियंत्रण एन.सी.ई.आर.टी. करता है।

**RPSC Gen. Awareness and Gen Studies-2018**

**Ans. (b) :** क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (RIE), अजमेर, की स्थापना वर्ष 1963 ई. में. की गई थी यह एम.डी.एस अर्थात महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्ध संस्थान है। इसका प्रबंधन व नियन्त्रण NCERT द्वारा किया जाता है। विकल्प (b) इसके संबंध में सही कथन नहीं है। क्योंकि इसमें प्रवेश सामान्य प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होता है।

**1197. निम्नलिखित को सुमेलित कीजए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

| **खनिज पदार्थ** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| A. कॉपर | (i) झामर कोटरा |
| B. जिप्सम | (ii) राजपुरा–दरीबा |
| C. सीसा और जस्ता | (iii) खोह-दरीबा |
| D. रॉक फॉस्फेट | (iv) जामसर |

(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv
(b) A-iii, B-iv, C-iii, D-ii
(c) A-iii, B-iv, C-ii, D-v
(d) A-iv, B-i, C-iii, D-ii

**RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II**

**Ans. (c) :** सही सुमेलन इस प्रकार है–

| **खनिज पदार्थ** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| कॉपर | खोह-दरीबा |
| जिप्सम | जामसर |
| सीसा और जस्ता | राजपुरा-दरीबा |
| रॉक फॉस्फेट | झामर कोटरा |

**1198. शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत राजस्थान में निजी स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाएं अब ........ तक निःशुल्क पढ़ सकेंगी।**

(a) 9वीं (b) 10वीं
(c) 11वीं (d) 12वीं

**RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I**

**Ans. (d) :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत राजस्थान में निजी स्कूलों में अध्ययनरत बालिकाएं अब 12वीं तक निःशुल्क पढ़ सकेंगी। राजस्थान सरकार ने बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नई स्कीम की शुरूआत की है, इसका नाम इंदिरा शक्ति बालिका फीस पुनर्भरण योजना है। इसके तहत नवीं से लेकर 12वीं तक की छात्राएं प्राइवेट स्कूलों में मुफ्त शिक्षा हासिल कर सकेंगी।

**1199. राजस्थान में राजस्व बोर्ड की स्थापना कब हुई?**

(a) 1948 (b) 1949
(c) 1950 (d) 1951

**RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)**

**Ans. (b) :** संयुक्त राजस्थान राज्य के निर्माण के पश्चात राज्यपाल ने 7 अप्रैल 1949 को अध्यादेश की उद्घोषणा द्वारा राजस्थान के राजस्व मंडल (Board Revenue for Rajasthan) की स्थापना की, यह अध्यादेश 1 नवम्बर 1949 को प्रवर्तित हुआ था उसने बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, मत्स्य तथा पूर्व राजस्थान के राजस्व मंडलों का स्थान ले लिया।

**1200. राजस्थान राज्य का प्रथम विश्वविद्यालय जिसने जनवरी 8, 2022 को अपना 75वाँ स्थापना दिवस मनाया, वह है–**

(a) जोधपुर विश्वविद्यालय
(b) कोटा विश्वविद्यालय
(c) राजस्थान विश्वविद्यालय
(d) उदयपुर विश्वविद्यालय

**RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)**

**Ans. (c) :** राजस्थान विश्वविद्यालय, राजस्थान का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 8 जनवरी 1947 को राजपूताना विश्वविद्यालय के नाम से (जयपुर) हुई थी, 1957 में इसे वर्तमान नाम दिया गया। 8 जनवरी, 2022 को राजस्थान विश्वविद्यालय ने अपना 75वां स्थापना दिवस मनाया।

**1201. निम्नांकित में से कौन सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?**

| | **जिला** | **सीसा व जस्ता खनन क्षेत्र** |
|---|---|---|
| (a) | उदयपुर | राजपुरा -दरीबा |
| (b) | भीलवाड़ा | रामपुरा-आगुचा |
| (c) | सवाई माधोपुर | चौथ का बरवाड़ा |
| (d) | बीकानेर | जामसर |

**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (a)**

| **जिला** | | **सीसा व जस्ता खनन क्षेत्र** |
|---|---|---|
| राजसमंद | - | राजपुरा-दरीबा |
| भीलवाड़ा | - | रामपुरा-गुचा |
| सवाई माधोपुर | - | चौथ का बरवाड़ा |
| बीकानेर | - | जामसर |

**1202. राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) उदयपुर (b) बीकानेर
(c) जयपुर (d) कोटा

**पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018**

**Ans. (b)** राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर में स्थित हे। यह राजस्थान का एक कृषि विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर आदि महाविद्यालय आते हैं। इसके अलावा 65 अन्य संस्थाएँ भी इससे सम्बद्ध है।